## न्यूज़ ब्रीफ

### सरकारी बैंक से करोड़ों की धोखाधड़ी, फैक्ट्री मालिकों पर केस दर्ज

**समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना :** सरकारी बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना दरेसी पुलिस ने बैंक अधिकारी की शिकायत पर फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना दरेसी के जांच अधिकारी दविंदर सिंह ने बताया कि इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारी उमाकांत समल ने शिकायत दी थी कि सुंदर नगर स्थित 70 फुटा रोड पर चल रही फैक्ट्री सुमित इंटरनेशनल के मालिकों ने अलग-अलग समय पर बैंक से करीब 1 करोड़ 25 लाख रुपये का लोन लिया था। ब्याज और अन्य कारणों से यह कर्ज बढ़कर 3 करोड़ 75 लाख रुपये तक पहुंच गया। जब आरोपियों ने लोन की राशि वापस नहीं की तो बैंक ने नियमों के तहत फैक्ट्री का स्टॉक, मशीनरी और जायदाद सीज कर ली। इसके बावजूद आरोप है कि फैक्ट्री मालिकों ने सीज किया गया सामान और स्टॉक बेच दिया और बैंक के साथ धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान सुमन जैन पत्नी प्रवीण जैन निवासी दयाल नगर, लुधियाना तथा प्रवीण जैन पुत्र किशोरी लाल जैन निवासी दयाल नगर, लुधियाना के रूप में हुई है। बैंक अधिकारी के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हिट एंड रन का मामला दर्ज

**समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना :** थाना दरेसी के अंतर्गत पड़ते इलाके बस्ती चौक के पास हिट एंड रन का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयानों के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया कि यह घटना महक बैंक्विट हाल के बाहर की है, जहां बीते वर्ष पीछे से आई काले रंग की टोयोटा अर्बन क्रूज़र कार ने टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। कार का नंबर PB-10-JB-7789 बताया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### पार्किंग विवाद में महिला से मारपीट

**समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना :** थाना लाडोवाल के अधीन रेलवे स्टेशन लाडोवाल इलाके में गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि पड़ोसियों ने महिला के साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता लक्ष्मी पत्नी धर्मपाल ने बताया कि आरोपियों ने उनके पेट पर वार किया। जांच अधिकारी मेजर सिंह ने बताया कि सोहनलाल, राजकुमार, पवन कुमार, सीमा, ज्योति और मनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### स्पेशल फोर्स ने 5 फोन किए बरामद

**समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना :** थाना बस्ती जोधेवाल के अंतर्गत गुरु विहार कॉलोनी स्थित ओरिएंटल बैंक के पास स्पेशल फोर्स ने चेकिंग के दौरान एक युवक को शक के आधार पर रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से अलग-अलग किस्म के पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपी की पहचान सनी पुत्र राकेश कुमार निवासी लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच की जा रही है।

### गीत रिलीज का झांसा देकर महिला से शोषण और ठगी

**समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना :** थाना जोधेवाल क्षेत्र में पंजाबी गीतों की कैसेट रिलीज करने का झांसा देकर महिला से शारीरिक शोषण और ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र कौर निवासी भम्मिया ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अलग-अलग समय पर करीब 1 लाख 91 हजार रुपये लिए और कई बार शोषण किया। आरोपी की पहचान राजेंद्र सिंह निवासी बाजवा कॉलोनी, पटियाला के रूप में हुई है। आरोपी फरार है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

### खाली प्लॉट में नशा करते युवक काबू

**समर न्यूज | राहुल शर्मा | लुधियाना :** थाना दरेसी पुलिस ने गश्त के दौरान सुंदर नगर चौक के पास एक खाली प्लॉट में बैठे युवक को नशा करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी से एक लाइटर, 10 रुपए का नोट और नशे में इस्तेमाल होने वाली पन्नी बरामद की है। आरोपी की पहचान जतिन कपूर पुत्र सुरेश कुमार निवासी कुलदीप नगर, लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### हनी मल्होत्रा की आत्मिक शांति के लिए रखे गए गरुड़ पुराण के पाठ का भोग और रस्म पगड़ी कल



**समर न्यूज | दलजीत विक्की | लुधियाना :** अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार विकास मल्होत्रा के बड़े भाई हनी मल्होत्रा (45) काआकस्मिक निधन 19 जनवरी को हृदय गति रुकने के कारण हो गया था। उनकी पार्थिव देह का अंतिम संस्कार 20 जनवरी को गऊशाला रोड स्थित श्मशान घाट में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक किया गया था। हनी मल्होत्रा के छोटे भाई पत्रकार विकास मल्होत्रा ने बताया कि हनी मल्होत्रा के आत्मिक शांति के लिये रखे गये श्री गरुड़ पुराण पाठ का भोग और रस्म पगड़ी 31 जनवरी शनिवार को को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक अभिषेक चोपड़ा हाल, प्राचीन गऊशाला, डिवीजन नंबर-3 में सम्पन्न होगी।

#### पीएम मोदी करेंगे वर्चुअल लॉन्च, प्रशासन ने तेज की तैयारियां

# 1 फरवरी को होगा हलवारा एयरपोर्ट का उद्घाटन

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज**




एयरपोर्ट की तैयारियों का जायजा लेते हुए डीसी हिमांशु जैन।

लुधियाना और पूरे मालवा क्षेत्र के लोगों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। 1 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जालंधर में आयोजित एक कार्यक्रम से वर्चुअली लुधियाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। इसकी औपचारिक पुष्टि डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने की है।

उन्होंने एयरपोर्ट की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हलवारा का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। डीसी हिमांशु जैन ने बताया कि एयरपोर्ट संचालन से जुड़े सभी प्रमुख कार्य पूरे कर लिए गए हैं और जो रूटीन मेंटेनेंस के काम शेष हैं, उन्हें भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एयरपोर्ट परिसर के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा व्यवस्था, विभिन्न विभागों के बीच तालमेल और वर्चुअल उद्घाटन समारोह से जुड़ी लॉजिस्टिक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सिविल प्रशासन और अन्य एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्य समय पर पूरे किए जाएं और किसी भी स्तर पर चूक न हो। डीसी ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री के उद्घाटन के बाद यहां से उड़ानों की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एयर इंडिया ने लुधियाना से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए फ्लाइट सेवाएं शुरू करने में रुचि दिखाई है और इस संबंध में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को पत्र भी भेजा गया है।

हिमांशु जैन ने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद लुधियाना की औद्योगिक गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। लंबे समय से कारोबारी और उद्योग जगत इस एयरपोर्ट की मांग कर रहे थे, क्योंकि इससे देश के बड़े औद्योगिक शहरों से सीधा संपर्क संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि कुछ सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण उद्घाटन में देरी हो रही थी, लेकिन अब सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। उद्योगपतियों ने भी एयरपोर्ट के शुभारंभ का स्वागत किया है और सरकार से मांग की है कि यहां से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के लिए नियमित उड़ानें शुरू की जाएं, ताकि लुधियाना के व्यापारियों को सुविधा मिले और दूसरे शहरों से आने वाले निवेशकों और ग्राहकों को भी लाभ पहुंचे। मालवा क्षेत्र के विकास की दृष्टि से इसे एक अहम कदम माना जा रहा है।

## माछीवाड़ा में पुलिस ने की मेडिकल स्टोर पर छापेमारी



**दीपक कुमार | माछीवाड़ा साहिब**
**समर न्यूज**

पंजाब पुलिस द्वारा चलाए गए नशा अभियान के तहत डीएसपी समराला तरलोचन सिंह की अगुवाई में आज पुलिस ने एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई। जानकारी देते हुए डीएसपी समराला ने बताया कि एसएसपी खन्ना डॉक्टर दर्पण आहलूवालिया के निर्देशों पर क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसी के संदर्भ में पुलिस को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर आज सीए स्टाफ खन्ना के इंचार्ज इंस्पेक्टर आकाश दत्त, एसएचओ समराला इंस्पेक्टर हरविंदर सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह की टीमों को साथ लेकर माछीवाड़ा के एक मेडिकल स्टोर की तालाशी ली गई। तालाशी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा मेडिकल स्टोर से पाबंदीशुदा 2695 कैप्सूल व 1000 टैबलेट बरामद किए गए। पुलिस द्वारा मेडिकल स्टोर के मालिक सुखदेव सिंह निवासी मिट्ठेवाल व उसकी दुकान पर काम करने वाले एक करिंदे को इन पाबंदीशुदा कैप्सूल व गोलियां के साथ हिरासत में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जगराओं पुल पर लगा डिजिटल हाईटेक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम

**समर न्यूज | लुधियाना**




शहर के जगराओं पुल पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल हाईटेक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम स्थापित किया गया है। यह नया सिस्टम ट्रैफिक की भीड़ को देखते हुए सिग्नल लाइट का समय स्वतः समायोजित करेगा, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारू होगी और लोगों को जाम से राहत मिलेगी। इस व्यवस्था के लागू होने से दुर्गा माता मंदिर की ओर से आने वाले वाहन अब जगराओं पुल के नीचे घूमने के बजाय सीधे निकल सकेंगे। इससे रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा, क्योंकि पहले इस मार्ग पर अक्सर भारी जाम लग जाता था।

एसीपी गुरदेव सिंह ने बताया कि पहले दुर्गा माता मंदिर की तरफ से आने वाले ट्रैफिक को घंटाघर की ओर मोड़ दिया जाता था, जिससे वाहन पुल के नीचे से घूमकर आते थे। अब पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नेतृत्व में डिजिटल ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाया गया है, जो वाहनों की संख्या के अनुसार अपने आप समय तय करेगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही किसी एक दिशा में ट्रैफिक कम होगा, वहां की लाइट स्वतः कम समय में बदल जाएगी, जिससे लोगों का कीमती समय बचेगा।

#### भारत नगर चौक पर फिर स्थापित होगा शहीद मेजर भूपिंदर सिंह का स्मारक

## शौर्य, बलिदान और सम्मान की मिसाल

- काम में तेजी के निर्देश, एक माह में होगा स्थानांतरण

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज**



1965 के भारत-पाक युद्ध के वीर योद्धा और महावीर चक्र से सम्मानित शहीद मेजर भूपिंदर सिंह की प्रतिमा एवं पैटन टैंक स्मारक एक बार फिर शहर के ऐतिहासिक भारत नगर चौक पर स्थापित किया जाएगा। स्मारक को रोज गार्डन के बाहर से भारत नगर चौक लाने की अंतिम मंजूरी संबंधित अधिकारियों द्वारा दे दी गई है।

इस संबंध में मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने गुरुवार को भारत नगर चौक का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों, कर्नल हरिश, एसई शाम लाल गुप्ता, कार्यकारी इंजीनियर बलविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए लगातार काम कर रही है। शहीद मेजर भूपिंदर सिंह के स्मारक को दोबारा भारत नगर चौक पर स्थापित करना उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गौरतलब है कि शहीद मेजर भूपिंदर सिंह लुधियाना के हरनामपुरा गांव से ताल्लुक रखते थे। उन्होंने 1965 के युद्ध में अद्वितीय साहस, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, जिसके लिए उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। मेयर ने बताया कि नगर निगम शहर के सभी प्रमुख चौकों के सौंदर्यीकरण पर काम कर रहा है। भारत नगर चौक के केंद्र में शहीद मेजर भूपिंदर सिंह का स्मारक स्थापित किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक सिविल कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चौक पर लाइटिंग, हरियाली और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएंगे।


मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि सभी कार्य पूरे होने के बाद लगभग एक माह के भीतर स्मारक को रोज गार्डन के बाहर से भारत नगर चौक स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# शिवरात्रि महापर्व पर पूरे दिन होगा भगवान सदाशिव का जलाभिषेक

#### 1317वें हवन यज्ञ व संध्या चौकी में कनाडा से आए भजन गायक को किया सम्मानित, शिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों का भी ऐलान

**लक्की भट्टी | लुधियाना**
**समर न्यूज**





भजन गायक देविंदर भारद्वाज व सोनिया भारद्वाज को सम्मानित करते अमन जैन ,अनुज मदान व अन्य।

-समर न्यूज

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर शंकराचार्य नगर (हैबोवाल कलां) में श्रृंखलाबद्ध 1317 वां हवन यज्ञ व् संध्या चौंकी का आयोजन किया गया। प्रातः सौभाग्यशाली यजमान परिवार व भक्तों द्वारा मंगल कामना के साथ भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। हवन यज्ञ व् संध्या चौंकी मंदिर प्रधान अमन जैन की,चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया। यजमान परिवार द्वारा कराये हवन यज्ञ को मंदिर के आचार्य आचार्य पंडित विष्णु, पंडित देवी दयाल, पंडित राम, पंडित संजय, पंडित सुरेश, पंडित विश्राम, पंडित नारायण द्वारा पूर्ण मंत्रोउच्चारण के संम्पन कराया गया। इस अवसर पर भक्तों ने मंगल कामना के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां डाल विश्व शांति की प्रार्थना की। संध्या चौंकी के अवसर पर कैनेडा (सरी) सेभजन गायक देविंदर भारद्वाज ने अपने भजनों के माध्यम से दरबार में हाजिरी लगाई व् सब का मन मोहा। संध्या चौंकी पर विशेष रूप से कैनेडा (सरी) से भजन गायक दविंदर भारद्वाज ओर उनकी पत्नी सोनिया भारद्वाज को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि विदेशी धरती पर रह कर भी सनातन धर्म का प्रचार विरला भक्त ही करते है और उनमें से दविंदर भारद्वाज परिवार भी है। उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि शिवरात्रि महाउत्सव् आने वाला है और भगवान शिव के इस पावन पर्व पर मंदिर में पूरा दिन जलाभिषेक किया जायेगा व् इस दिन विशेष रूप से आठों पहर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जायेगा। उपप्रधान अनुज मदान ने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार हेतु प्रधान अमन जैन व चेयरमैन ऋषि जैन की अध्यक्षता में 231 वीं श्री बालाजी जी की चौंकी कुलविंदर किन्दा के निवास स्थान पर कैनेडा (विनीपैग)से उनके बच्चोँ के आने की खुशी में करवाई गई।

संध्या चौंकी पर श्री बालाजी महाराज का पवित्र ध्वज फेहराया गया व् भक्तों को पवित्र जल के छींटे दिए गए। श्री हनुमान चालीसा उपरंत संध्या चौंकी को विराम दिया गया। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन,चेयरमैन ऋषि जैन,उपप्रधान अनुज मदान, सैक्ट्री सौरव जैन, सोमनाथ मड़कन ,ज्योति गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविन्द टिल्लू ,नरिंदर नथानी, राहुल हांडा, संदीप पब्बी, नितिन भंडारी, अमित कपूर,सतीश डंग, रोहित डंग, पुनीत शर्मा,भारती सोनी, वेद लूथरा,संदीप धमीजा, अनिल जैन, गीतान्श गांधी, देवांश जैन, अश्वनी मग्गू, सन्नी सतीजा, प्रतीक सोहर, विवेक शर्मा, मनीष अरोड़ा ,विश्वनाथ आदि उपस्थित हुए।

**उद्घाटन**

#### अल्पसंख्यक व वंचित लड़कियों को मुफ्त ब्यूटी ट्रेनिंग देने की पहल

# बाल विकास ट्रस्ट दुगरी में ब्यूटी थैरेपी कोर्स की शुरुआत, महिलाओं को मिलेगी नई दिशा







ब्यूटी थैरेपी कोर्स की रिबन काटकर शुरूआत करते हुए गंगा राम मित्तल सहित अन्य गणमान्य लोग।

-समर न्यूज

**समर न्यूज | लुधियाना**

बाल विकास ट्रस्ट दुगरी कैंपस में नवाचार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए ब्यूटी थैरेपी का पहला कोर्स गुरूवार से शुरू किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य विशेष रूप से उन अनप्रीविलेज्ड लड़कियों को ब्यूटी सैलून और ब्यूटी ट्रेनिंग प्रदान करना है, जिन्हें पेशेवर स्किल्स के लिए उचित अवसर नहीं मिल पाते। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. रचना शर्मा की अध्यक्षता में हुआ जबकि अविनाश गुप्ता ने ब्यूटी क्लास के लिए आवश्यक उपकरणों का प्रायोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरदार रमींदरपाल सिंह और डॉ. परमीत कौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में गंगा मित्तल ने भी क्लास का रिबन काटकर उद्घाटन किया। विशेष रूप से मिस लवन्या गोयल ने बच्चों को कोर्स की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें यह संदेश दिया कि वे कितने भाग्यशाली हैं कि उन्हें मुफ्त प्रशिक्षण का यह मंच प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के उपरांत सभी अतिथियों के लिए हाई टी की व्यवस्था की गई। बच्चों के लिए रिफ्रेशमेंट का आयोजन मुसकान गांधी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर किया। इस अवसर पर बाल विकास ट्रस्ट की टीम के सदस्यों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें वीणा स्वाति, एकता जैन, मुसकान-सक्षम गांधी, वाणी, ईशान उप्पल, साहिल, विपाशा, चारू जैन, नीरज गर्ग, अंकिता-रीदिमा, सुनीता मोहिंद्रा, नीलम सरीन, डॉ. मुक्ति गिल, कमल सिद्धू, गौतम मित्रल, अकविंद्र-नीतू, पूनम वत्सा, राजबीर, विमल, रीशीता, दमन ग्रेवाल, मीनू, रीजुता जैन और प्रियंका शामिल थे।

## गलियों का विधायक मदन लाल बग्गा ने किया उद्घाटन

#### सड़कों-नालियों के पक्के निर्माण पर जोर

**समर न्यूज | लुधियाना**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में लुधियाना उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने न्यू अमन नगर स्थित भगवान दास कॉलोनी में गलियों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विधायक बग्गा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य दिन-रात जारी हैं और चुनावों के दौरान दी गई गारंटियों को जमीन पर उतारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मजबूत बुनियादी ढांचा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर है। उन्होंने कहा कि 'विधायक जनता के दरबार' अभियान के तहत शहर की सभी सड़कों और गलियों-नालियों को पक्का किया जाएगा, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। आमजन की समस्याओं का समाधान मौके पर रहकर किया जाएगा। विधायक मदन लाल बग्गा ने कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार आम लोगों की सरकार है और नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 145